2020/00214

फर्द अहकाम
(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

| प्रार्थी / अपीलांट | बनाम | अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट |
|---|---|---|
| श्री कान्तिलाल उपाध्याय<br>जाति ब्राह्मण<br>निवासी सांतपुर तहसील आबूरोड़<br>जिला सिरोही | | सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी<br>उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत |

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 16 वर्ष 2020

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 0[illegible].08.2020 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 06.02.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि ग्राम सांतपुर के खसरा सं. 557/2/2 की भूमि को दिनांक 11.12.1996 को श्री अम्बालाल पुत्र श्री खेमचन्द बारोट निवासी सांतपुर को पत्रावली सं. 20/1996 में जारी किया गया था की सम्पूर्ण पत्रावली से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं ।<br><br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 06.02.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि ग्राम सांतपुर के खसरा सं. 557/2/2 की भूमि को दिनांक 11.12.1996 को श्री अम्बालाल पुत्र श्री खेमचन्द बारोट निवासी सांतपुर को पत्रावली सं. 20/1996 में जारी किया गया था की सम्पूर्ण पत्रावली से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो ।<br><br>(भगवती प्रसाद)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | 833-34<br>13/8/20 |

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 16:47:54 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner